लोक सभा अध्यक्ष ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी।

नई दिल्ली; 25 जनवरी, 2024: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"आप सभी को भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

गणतंत्र हमारे लिए केवल एक शब्द मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारे राष्ट्र का आधार है। भारत का गणतंत्र भारत का गौरव है। बीते साढ़े सात दशक की यात्रा में भारत का गणतंत्र निरंतर समर्थ तथा समृद्ध हुआ है। खेत से खेल के मैदान तक; भूमि से अंतरिक्ष तक भारत ने दुनिया के सामने नए मानक स्थापित किए हैं।

इन 75 वर्षों में देश के हर वर्ग और व्यक्ति के योगदान से भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा है। इन 75 वर्षों में हमने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं, आपदा को अवसर में बदलते हुए एक सफल राष्ट्र के रूप में हम आगे बढ़ें हैं।

गणतंत्र भारत की इस उज्ज्वल यात्रा में हमारा सामाजिक ताना-बाना अधिक सशक्त हुआ है। हमारा लोकतंत्र अधिक समृद्ध हुआ है। देश में सामाजिक-आर्थिक बदलाव हुआ है।

आज के दिन हम अपने राष्ट्र नायकों को याद करें। गणतंत्र भारत की ऐतिहासिक यात्रा को जानें, उस पर गौरव करें और यह संकल्प लें कि हम लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए गणतंत्र को सशक्त बनाएंगे।

हम सब देशवासी राष्ट्रीय एकता और आपसी बंधुत्व की भावना के साथ आगे बढ़ेंगे। इसी संदेश के साथ आपको पुनः गणतंत्र दिवस की अनेक शुभकामनाएं। धन्यवाद। जय हिंद ।"